रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2025/2233 जबलपुर दिनांक 04/04/25

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राए जो बी.ए./बी.एससी./बी.एच.एससी./बी.काम. द्वितीय वर्ष की अगस्त 2024 में नियमित (एनईपी) पूरक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे किन्तु उत्तीर्ण नही हो पाए है उन्हें दोबारा पूरक घोषित किया गया है ऐसे छात्र/छात्राए बी.ए./बी. एससी./बी.एच.एससी./बी.काम. द्वितीय वर्ष मार्च–अप्रेल 2025 पूरक **द्वितीय अवसर** के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि शुल्क विवरण के साथ निम्नानुसार घोषित किया जाता है:–

तिथियां :–

आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	05.04.2025 से 11.04.2025 तक
विलंब शुल्क 100/– के साथ	12.04.2025 तक
विलंब शुल्क 750/– के साथ	13.04.2025 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरण:–

		पूरक (एक विषय)
1.	बी.ए./बी.काम. द्वितीय वर्ष	1530/–
2.	बी.एससी./बी.एच.एससी. द्वितीय वर्ष	1650/–

टिप्पणी :–एक से अधिक विषय में पूरक होने पर संपूर्ण परीक्षा शुल्क देय होगी।

1. महाविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 250/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 120/– रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे।
2. विद्यार्थी अपने आनलाईन आवेदन प्रदत्त अनुक्रमांक (Roll No.) के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।
3. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे तथा सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय में जबलपुर स्थानिय महाविद्यालय दिनांक 15 अप्रेल, 2025 तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् रू0 100/– विलंब शुल्क देय होगा ।
4. परीक्षा आवेदन पत्र भरने के उपरांत सी.सी.ई. एवं प्रेक्टिकल की लिंक विश्वविद्यालय द्वारा खोली जावेगी । सी.सी.ई. एवं प्रेक्टिकल के अंक आनलाईन भरने पर ही स्वीकार होंगें । विश्वविद्यालय प्रशासनिक निर्णयानुसार दिये गये अंकों में कोई भी संशोधन स्वीकार नहीं होगा ।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Portal)** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

नोट – समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो से आग्रह है कि अधिसूचना को सूचना पटल पर या छात्रों के ग्रुप में अधिसूचना शेयर कर निर्धारित तिथि में परीक्षा आवेदन पत्र भराना सुनिश्चित करें ।

आदेशानुसार,

उप–कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर
जबलपुर दिनांक 04/04/25

पृ.क्र./परीक्षा/2025/2233अ"

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
3. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
4. प्रभारी नोडल सेंटर एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करे।
6. प्रभारी मुद्रणालय/सुदृढ कक्ष रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
7. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर